कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा–मा/माध्यमिक/शालादर्पण/दीक्षा/60306/2018–19/59 दिनांक :– 17.9.18

1. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
   माध्यमिक शिक्षा।
2. समस्त संस्था प्रधान
   राउमावि, राबाउमावि, रामावि, राबामावि।

विषय : DIKSHA RISE Portal व QR Code के बारे में शिक्षकों व विद्यार्थियों को जागरूक करने व पोर्टल का उपयोग सुनिश्चित करने बाबत।

प्रसंग : श्रीमान आयुक्त महोदय, राज. स्कूल शि. प., जयपुर के पत्रांक रा.मा.शि.प./जय/दीक्षा/2018/5604 दिनांकः29.08.18

उपर्युक्त विषय एवं प्रासंगिक पत्रों के क्रम में लेख है कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय (MHRD), भारत सरकार द्वारा शिक्षकों के व्यावसायिक उन्नयन व विद्यार्थियों के लिए विषय वस्तु से संबंधित अतिरिक्त सामग्री उपलब्ध करवाने हेतु DIKSHA Portal (https://diksha.gov.in) प्रारम्भ किया गया है जो वर्तमान में राजस्थान सहित पाँच राज्यों में प्रारम्भ हो चुका है। DIKSHA Portal का राजस्थान संस्करण DIKSHA RISE Portal (https://diksha.gov.in/rj) है। DIKSHA पोर्टल पर शिक्षकों व विद्यार्थियों के लिए विषय वस्तु से संबंधित ऑनलाइन Teaching and learning contents (TLC) उपलब्ध है तथा विषय वस्तु से संबंधित पाठ्य सामग्री के निर्माण की सुविधा भी उपलब्ध हैं। शिक्षा में तकनीकी के प्रयोग द्वारा पाठ्य सामग्री के निर्माण में रूचि रखने वाले सृजनात्मक अभिवृत्ति वाले शिक्षक DIKSHA पोर्टल से जुड कर Teaching and learning contents (TLC) का निर्माण कर सकतें हैं। इसके अतिरिक्त इस पोर्टल पर संस्थाप्रधानों तथा शिक्षकों के लिए विभिन्न व्यावसायिक उन्नयन पाठ्यक्रम (Professional development courses) भी उपलब्ध हैं। DIKSHA RISE Portal पर उपलब्ध TLC को मोबाइल पर DIKSHA APP के माध्यम से भी उपयोग किया जा सकता है।

राजस्थान में कक्षा 9 व 10 के विज्ञान व गणित विषयों के लिए Teaching and learning contents (TLC) का निर्माण राजस्थान के विज्ञ शिक्षकों के द्वारा किया गया है तथा वर्तमान सत्र की कक्षा 9 व 10 की विज्ञान व गणित विषय की पाठ्य पुस्तकों में QR Code(Quick Response Code) के माध्यम से शिक्षकों द्वारा तैयार TLC को शामिल किया जा चुका है। कक्षा 1 से कक्षा 10 तक के शेष विषयों हेतु कठिन बिन्दुओं (Hard Spots) का चयन कर पाठ्य सामग्री के निर्माण का कार्य राज्य की DIET's तथा CIET's के द्वारा किया जा रहा है, जिन्हे आगामी सत्र में QR Code के माध्यम से सभी पाठ्य पुस्तको में शामिल किया जायेगा।

विभिन्न विद्यालयों के अवलोकन के समय यह देखा गया है कि कक्षा 9 व कक्षा 10 के गणित व विज्ञान विषयाध्यापकों तथा विद्यार्थियों को QR Code की समुचित जानकारी नहीं है। अतः विभिन्न स्तरों पर DIKSHA RISE Portal व QR Code के उपयोग के बारे में शिक्षकों व विद्यार्थियों को जागरूक करने की आवश्यकता है।

जिला स्तर पर अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी(शैक्षिक) DIKSHA पोर्टल के प्रभारी अधिकारी होगें। जिला शिक्षा अधिकारी स्तर पर आयोजित किये जाने वाले समस्त प्रशिक्षणों, बैठकों इत्यादि में DIKSHA RISE Portal व QR Code के बारे में जानकारी दी जानी सुनिश्चित करावें। इस हेतु आपके जिले के दीक्षा पोर्टल के बारे में आयोजित कार्यशालाओं में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके विभिन्न दक्ष शिक्षकों का उपयोग, दीक्षा पोर्टल की जानकारी अन्य शिक्षकों व संस्थाप्रधानों को देने हेतु किया जा सकता है।

विद्यालय स्तर पर प्रत्येक संस्था प्रधान कक्षा 9 व कक्षा 10 के गणित व विज्ञान विषयाध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों को DIKSHA RISE Portal व QR Code के बारे में जानकारी प्रदान किया जाना सुनिश्चित करें तथा DIKSHA APP के द्वारा QR Code के माध्यम से डाउनलोड की गई सहायक सामग्री का उपयोग अध्ययन–अध्यापन में करना भी सुनिश्चित करें।

उपरोक्त को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाये।

संलग्न :–दीक्षा पोर्टल पर कंटेंट प्राप्त करने हेतु निर्देश।

(नथमल डिडेल)
आईएएस
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान,
बीकानेर


प्रतिलिपि :–निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्य वाही हेतुः

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त , राज. स्कूल शि. प., जयपुर।
3. निजी सहायक, राज्य परियोजना निदेशक, राज. स्कूल शि. प., जयपुर।
4. निजी सचिव, निदेशक, एससीईआरटी, उदयपुर।
5. समस्त मण्डल उपनिदेशक माध्यमिक शिक्षा।
6. स्टाफ ऑफिसर कार्यालय हाजा।

उपनिदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर

DIKSHA पोर्टल से कंटेंट प्राप्त करने हेतु उपयोगी निर्देश ।


1. Home Page: Type in address bar=> https://diksha.gov.in/rj



2. Explore RISE-DIKSHA



3. QR Code से TLC प्राप्त करें।



4. LOGIN Page

DIKSHA | RISE Rajasthan Interface for School Educators

Only registered teachers can sign in with credentials shared by the state education department. Other users may browse the service as guests.

LOG IN TO DIKSHA

Username, Email or Phone

demouser@demotenant


Password

Forgot Password?

Log in

5. निम्न credentials से DIKSHA पोर्टल पर Login करें:

Username : demouser@demotenant
Password : demopassword



6. Profile Page

